


## एनसीबी को बड़ी सफलता, सुशांत सिंह राजपूत के फरार दोस्त कुणाल जानी गिरफ्तार

दिवंगत ऐक्टर सुशांत सिंह राजपूत से जुड़े ड्रग्स मामले में अब एनसीबी ने अब होटल व्यवसायी कुणाल जानी को गिरफ्तार किया है। कुणाल जानी, सुशांत सिंह राजपूत के करीबी दोस्त हैं और लंबे समय से फरार थे। लेकिन एनसीबी ने कुणाल जानी को मुंबई के खार एरिया से गिरफ्तार कर लिया है। एएनआई ने एक ट्वीट में इसकी पुष्टि की है। कुणाल जानी चूंकि सुशांत के करीबी दोस्त रहे हैं, ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि कुछ नए खुलासों के साथ–साथ हो सकता है सुशांत के बारे में भी कुछ नई जानकारी मिले। बताया जा रहा है कि कुणाल जानी, सुशांत की मौत के बाद से ही फरार चल रहे थे। बता दें कि सुशांत सिंह राजपूत की 14 जून 2020 की मौत हो गई थी। वह अपने फ्लैट में मृत पाए गए थे, जिसके बाद 3 जांच एजेंसियों ने केस की कमान अपने हाथों में ली। सीबीआई, ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) और एनसीबी ने मिलकर सुशांत केस की जांच की। जांच के दौरान ड्रग्स एंगल सामने आया तो अफरा–तफरी मच गई। ड्रग्स मामले में एनसीबी ने सुशांत की कथित गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती से पूछताछ की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि कुछ दिन बाद ही उन्हें जेल से बेल पर रिहा कर दिया गया था।

## हिमेश रेशमिया ने दिया था अकासा को बड़ा मौका, सलमान संग है कनेक्शन

2 अक्टूबर से शुरू हो रहे बिग बॉस 15 के लिए कई सिलेब्रिटीज का नाम कन्फर्म किया जा चुका है और कुछ के चेहरे रिवील किए जा चुके हैं। इन्हीं में से एक हैं अकासा सिंह। मेकर्स ने वूट ऐप पर हाल ही बिग बॉस 15 का नया प्रोमो रिलीज किया, जिसमें तेजस्वी प्रकाश और अकासा सिंह को कंटेस्टेंट्स के तौर पर रिवील किया गया। अकासा सिंह, AKASA नाम से पॉप्युलर हैं और वह एक जानी–मानी सिंगर हैं। अकासा तब चर्चा में आई थीं जब उन्होंने सिंगर आस्था गिल के साथ गाना नागिन गिन गिन किया था। लेकिन फिल्म श्सनम तेरी कसमश के गाने खींच मेरी फोटो ने अकासा के करियर की दिशा ही बदल दी। अकासा सिंह ने अपने करियर की शुरुआत सिंगर मीका सिंह के साथ की थी। 10 लोगों के बैंड में वह सिर्फ एक अकेली लड़की थीं। इसके बाद वह रियलिटी शो इंडियाज रॉ स्टारश में नजर आईं। इस शो में उनके मेंटॉर सिंगर और म्यूजिक कंपोजर हिमेश रेशमिया थे।

## बुसान नॉमिनेशन मिलने पर गदगद हुईं नुसरत भरूचा



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस नुसरत भरूचा के नाम एक बड़ी उपलिब्ध जुड़ गई है। नुसरत को बुसान फिल्म फेस्टविल में बेस्ट ऐक्ट्रेस कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला है। वह देश में एकमात्र ऐक्ट्रेस हैं, जिन्हें अवॉर्ड शो में नॉमिनेशन मिला है। शॉर्ट फिल्म सीरीज अजीब दास्तान्स में राज मेहता की खिलौना में नुसरत ने मीनल नाम की एक महिला का किरदार निभाया है, जो लोगों के घरों में काम करने वाली बाई है। नुसरत जहां इन दिनों अपनी फिल्म जनहित में जारी की शूटिंग कर रही हैं, वहीं बुसान फिल्म फेस्टविल में मिले नॉमिनेशन वह गदगद हो गई हैं। नुसरत कहती हैं, जब मैंने पहली बार उस शॉर्ट फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी तो मुझे वह बहुत पसंद आई थी। मेरे लिए हमेशा से स्क्रिप्ट बहुत मायने रखते हैं। मैं राज मेहता से मिली तो हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही थी। हम दोनों एक ही तरह से सोच रहे थे। शॉर्ट फिल्म में एक मेड का किरदार निभाने के चैलेंज को लेकर जब नुसरत से पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझसे से ज्यादा चिंतित थे। उन्होंने मुझसे कहा कि तुम्हें छोटे छोटे पेग और दिल चोरी वाली लड़की को भूलना होगा। मैंने तो मजाक में उनसे यहां तक कहा था कि अगर आप कहें तो मैं आपको इस रोल के लिए पोछा लगाकर दिखा सकती हूं।

# सरदार उधम बने विकी कौशल के चेहरे पर लगे थे 13 टांके

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*विकी कौशल की फिल्म सरदार उधम का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज हो गया है। सरदार उधम सिंह के इस बायोपिक के ट्रेलर में विकी न सिर्फ जबरदस्त दिख रहे हैं, बल्कि ऐसा लग रहा है कि वह उरी: सर्जिकल स्ट्राइक के बाद एक और धमाका करने की तैयारी में हैं। फिल्म में विकी कौशल लीड रोल में हैं, जबकि डायरेक्शन शूजित सरकार का है। उधम सिंह हिंदुस्तान के इतिहास में ऐसे क्रांतिकारी हुए जो जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लेने के लिए लंदन पहुंच गए थे। गुरुवार को फिल्म के ट्रेलर रिलीज इवेंट पर विकी कौशल ने एक दिलचस्प खुलासा किया। उन्होंने बताया कि शूट से पहले ही वह बुरी तरह चोटिल हो गए थे और उन्हें 13 टांके लगे थे।*

**शूटिंग शुरू होने से पहले हो गए थे चोटिल**

विकी कौशल से पूछा गया था कि क्या वह शूटिंग के दौरान घायल भी हुए थे? इसके जवाब में विकी कौशल ने बताया कि सरदार उधम की शूटिंग से चार दिन पहले वह किसी अन्य फिल्म की शूटिंग के दौरान बुरी तरह घायल हो गए थे और उनके चेहरे पर 13 टांके लगाए गए थे। विकी कहते हैं, मेरी गाल पर 13 टांके लगे हुए थे। मैंने अपनी फोटो ली और शूजिच्त दा को भेज दी, क्योंकि चार दिन हमें सरदार उधम की शूटिंग शुरू करनी थी।

**शूजित सरकार ने फोटो देख दिया ये जवाब**



विकी बताते हैं कि फोटो देखकर शूजित सिरकार ने उनसे कहा, श्कोई बात नहीं टांके लेकर आ जाओ। विकी कौशल ने बताया कि ट्रेलर में भी उनके चेहरे पर जो चोट के निशान दिख रहे हैं वो किसी और फिल्म की शूटिंग के हैं। ऐक्टर ने बताया कि फिल्म में उनके कई सारे लुक हैं, जिनके बारे में जल्द ही लोगों को जानकारी मिल जाएगी।

**कौन थे सरदार उधम सिंह**

फिल्म सरदार उधम सिंह की बायोपिक है, जिनका जन्म 26 दिसंबर 1899 को पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम गांव में हुआ था। उधम सिंह के सामने ही 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग नरसंहार हुआ था। बताया जाता है कि उधम सिंह ने तभी जलियांवाला बाग की मिट्टी हाथ में लेकर जनरल डायर और तत्कालीन पंजाब के गर्वनर माइकल ओ' ड्वायर को सबक सिखाने की कसम खा ली थी। वह क्रांतिकारियों के दल में शामिल हो गए। वह बदला लेने के लिए लंदन चले गए थे। वहां उन्होंने अपनी प्रतिज्ञा पूरी की। 4 जून 1940 को उधम सिंह को हत्या का दोषी ठहराया गया और 31 जुलाई 1940 को उन्हें पेंटनविले जेल में फांसी दे दी गई।

# बिग बॉस 15 में नजर आनेवाली तेजस्वी प्रकाश रियल लाइफ में हैं हॉट

*9 साल के लड़के और 18 साल की लड़की की शादी पर बेस्ड टेलिविजन के विवादित शो पहरेदार पिया की में नजर आईं तेजस्वी प्रकाश रियेलिटी शो फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी 10 में अपना बदला हुआ अंदाज दिखा चुकी हैं। अब वह सलमान खान के शो बिग बॉस 15 में तहलका मचाने की तैयारी कर रही हैं। तेजस्वी ने 10 साल पहले 2612 से टीवी इंडस्ट्री में एंट्री मारी थी। इसके बाद संस्कार, स्वरागिनी, पहरेदार पिया की, रिश्ता, कर्ण संगिनी, सिलसिला बदलते रिश्तों का– वेब सीरीज जैसे कई शोज में नजर आईं।*



छोटे पर्दे पर अक्सर देसी अंदाज में दिखने वाली तेजस्वी सोशल मीडिया पर काफी हॉट नजर आती हैं।

तेजस्वी ने रोहित शेट्टी के शो पर ही दिखा दिया था कि टेलिविजन सीरीयलों में वह जैसी नजर आती हैं, रिल लाइफ में उतनी ही उलट हैं। तेजस्वी इस शो में रोहित की फेवरेट कंटेस्टेंट बन चुकी थीं। चाहे कोई टास्क हो या फिर टीम के साथ का कोई खास मौका, तेजस्वी सामने आने का कोई मौका नहीं छोड़ती थीं। टीवी शोज में नजर ट्रडिशनल नजर आनेवाली तेजस्वी के इंस्टाग्राम पर ऐसी कई तस्वीरें हैं, जिनमें वह काफी हॉट और सेक्सी नजर आ रही हैं। इनमें से ज्यादातर फोटोशूट उन्होंने हाल ही में कराया है। तेजस्वी के शो पहरेदार पिया की की कहानी पर लोगों ने ऐतराज जताया, जिसके बाद इस शो को बंद करना पड़ा था। इस टीवी सीरियल में 9 साल के लड़के और 18 वर्ष की लड़की की शादी कहानी दिखाई गई। इस कहानी पर लोगों ने आपत्ति जताई और आरोप लगाया कि यह सीरियल बाल विवाह को बढ़ावा देगा। सीरियल में कई ऐसे सीन भी दिखाए गए जिस पर दर्शकों ने आपत्ति जताई। तेजस्वी टीवी की दुनिया में कदम रखने से पहले पेशे से इंजीनियर थीं। उन्होंने मुंबई यूनिवर्सिटी से Electronics and Telecommunications में इंजीनियरिंग की थी। तेजस्वी का ताल्लुक उस फैमिली से है जिनका कनेक्शन म्यूजिक से रहा है।